# कार्यालय कलेक्टर
# (महिला एवं बाल विकास शाखा)
## सुभाष स्टेडियम द्वितीय तल, जिला–रायपुर (छ.ग.)
दुरभाष/फैक्स नं.–0771–4033397 **E-mail ID- dwcdraipur@gmail.com**

क्रमांक/ /मबावि./स्था./2023–24 रायपुर दिनांक .....................

**''नवा–बिहान योजनांतर्गत जिला स्तरीय पद संरक्षण अधिकारी का संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन''**

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 केन्द्रीय अधिनियम है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी प्रावधानों के अनुसार सुविधा एवं सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''नवा–बिहान'' योजना संचालित है। उक्त योजनांतर्गत रिक्त 01 पद **संरक्षण अधिकारी** संविदा पद पर भर्ती के लिए पात्र महिला आवेदकों से दिनांक 16.06.2023 तक आवेदन आमंत्रित है। उक्त पद एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार हैः–

| पद नाम | पद संख्या | संविदा वेतन | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|
| संरक्षण अधिकारी | 01 | 40,840/– एकमुश्त प्रतिमाह | • वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक<br>• न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अधिकतम 20 अंक<br>• लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/ स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 30 अंक निर्धारित रहेंगे। |

**उपरोक्त पद के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होगीः–**

| पद नाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| संरक्षण अधिकारी | विधि स्नातक एम. एस.डब्ल्यू. | कम्प्युटर पर एम. एस.ऑफिस/वेब आधारित अन्य सॉफ्टवयेर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए | विधि स्नातक को न्यूनतम 5 वर्ष तक बार में पंजीकृत होकर नियमित प्रेक्टिस का अनुभव होना चाहिए। एम.एस.डब्ल्यू. को शासकीय/अर्द्वशासकीय अथवा शासन द्वारा अनुदान प्राप्त संस्थान में महिला कल्याण, देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव | अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा |

आवेदन प्रपत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, सुभाष स्टेडियम, द्वितीय तल, जिला रायपुर से भी प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.06.2023 तक समय शाम 5.00 बजे तक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला एवं बाल विकास
जिला–रायपुर (छ.ग.)

## उपरोक्त पद हेतु नियम व शर्तेः–

1. उपरोक्त पद हेतु केवल महिला अभ्यार्थी ही आवेदन कर सकती है।
2. संविदा नियुक्ति प्रारंभिक रूप से 01 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
3. संविदा नियुक्ति अवधि में राज्य के वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त अधिकारी को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादी की भी पात्रता नहीं होगी।
4. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में 01 माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
5. आवेदिका की आयु दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।
6. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।
7. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप प्राप्त होना चाहिए।
8. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे तथा आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, वांछित प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र स्वयं द्वारा प्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए। साथ ही आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्र का पृष्ठांकन (क्रं.1,2,3) अंकित करना अनिवार्य है।
9. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
10. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा। प्रैक्टिसिंग लायर को बार काउंसिल का प्रमाण पत्र तथा सुसंगत दस्तावेज व अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
11. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जायेगा। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें।

12. उक्त पद हेतु लिफाफे के ऊपर पदनाम, प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

13. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाली अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नहीं होगा।
14. प्रेक्टिसिंग लॉयर का संरक्षण अधिकारी के पद पर चयन होने की दशा में उसे वकालत/प्रेक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी।
15. आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 5 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ 01 कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।
16. प्राप्त आवेदन के संबंध में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर एवं रायपुर एन.आई.सी. के वेबसाईट https://raipur.gov.in/ के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
18. आवेदिका का आवेदन दिनांक 16.06.2023 तक शाम 5.00 बजे तक संबंधित कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला एवं बाल विकास
जिला–रायपुर (छ.ग.)

# <u>आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

| स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें |
|---|

**प्रति,**

......................................................................

......................................................................

......................................................................

1. आवेदित पद का नाम :–.......................................................................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :–.......................................................................................

   (अंग्रेजी में) :–.......................................................................................
3. पिता/पति का नाम :–.......................................................................................
4. स्थायी पता :–.......................................................................................

   :–.......................................................................................
5. (पत्र व्यवहार का पता) :–.......................................................................................

   :–.......................................................................................

   दुरभाष/मोबाईल ............................ ई.मेल आईडी ................
6. जन्मतिथि (अंको में) :–.......................................................................................

   (शब्दों में) :–.......................................................................................
7. दिनांक 01/01/2023 को आयु :–.......................................................................................
8. लिंग पुरूष/महिला :–.......................................................................................
9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति...........................वर्ग................................................
10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशाासकीय संस्था में सेवारत है?:–.......................................................
11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्ता :–.......................................................................................
12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्याः–..................................................

    :–..................................................................

**13.शैक्षणिक योग्यताः–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बार्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :–.................................................................................

:–.................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–.................................................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक–पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं।

**16. अनिवार्य संलग्नकों का विवरणः–**

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नात्कोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. जाति प्रमाण पत्र
6. निवास प्रमाण पत्र
7. पंजीयन प्रमाण पत्र
8. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
9. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

**17. अन्य संलग्नकों का विवरणः–**

1. ............................................................
2. ............................................................
3. ............................................................

**आवेदिका का हस्ताक्षर एवं नाम**

**<u>घोषणा–पत्र</u>**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो

मेरे उम्मीद्वारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदिका का हस्ताक्षर**

स्थानः—..............
दिनांकः—.............